(SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) and (b) No. Sir. These orders are under process of implementation.

इलाहाबाद टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठकों में राजभाषा का प्रयोग

1217. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि इलाहाबाद टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठकों से संबंधित सभी कार्यवाही और पत्राचार अंग्रेजी में होता है तथा न तो राजभाषा और न ही किसी अन्य राष्ट्रीय भाषा का प्रयोग किया जाता है ;

(ख) इस संबंध में सरकार के आदेशों का ब्यौरा क्या है और क्या यह सच है कि राजभाषा का प्रयोग न करना सरकारी आदेशों का उल्लंघन है; और

(ग) इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है कि भविष्य में इलाहाबाद समिति द्वारा किये जाने वाले कार्य में राजभाषा का प्रयोग हो ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

मोहल्ला कृष्णनगर, इलाहाबाद में रेल बुकिंग कार्यालय का खोला जाना

1218. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मोहल्ला, कृष्णनगर, इलाहाबाद में एक रेल बुकिंग कार्यालय खोले जाने हेतु कोई आदेश जारी किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो कब और क्या इस आदेश का अनुपालन किया गया है, यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह बुकिंग कार्यालय माघ मेला प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य करने लगेगा ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी हां, कीटगंज, यमुना बैंक रोड, इलाहाबाद में एक सिटी बुकिंग एजेंसी खोलने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

(ख) और (ग) इस सिटी बुकिंग एजेंसी के ठेके का आवंटन करने के लिए आवेदन पत्र प्रेस विज्ञापनों के माध्यम से मांगे गये हैं और आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तारीख 1-12-1987 है। इस स्थिति में एजेंसी द्वारा कार्य शुरू किये जाने की सही तारीख बताना सम्भव नहीं है।

Car telephones a big hit

•1219. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the recent reports in American papers wherein it has been revealed that the car telephones had become a big hit with criminals and smugglers to beat the police, have been cited by the Ministry of Communications against sanctioning the proposal to provide similar mobile telephones in Delhi and Bombay;

(b) if so, the reaction of the Government in this, regard;

(c) whether in view of the gross misutilisation, Government propose to ban the sanctioning of mobile phones in Delhi and Bombay: and

Cdt) if so, by when and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SONTOSH MOHAN DEV): (a) No. Sir.